व्याख्या— राजस्थान राज्य के सम्पूर्ण भौगोलिक क्षेत्रफल का लगभग दो-तिहाई भू-भाग रेगिस्तानी शुष्क प्रदेश है। राजस्थान के क्षेत्रफल का 57.42 प्रतिशत भू-भाग शुष्क रेगिस्तानी क्षेत्र तथा लगभग 36.67 प्रतिशत भू-भाग अर्द्धशुष्क क्षेत्र है। अरावली पर्वत शृंखला के पश्चिम तथा उत्तर पश्चिम में पाकिस्तानी सीमा तक लगभग 1888.206 वर्ग किमी. थार का रेगिस्तान विस्तृत है। राजस्थान के लगभग 12 जिले मरुस्थलीय क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। अरावली पर्वत शृंखलाएं राजस्थान की महान एवं जल विभाजक हैं। ये पर्वत शृंखलाएं राज्य को दो विशिष्ट भौगोलिक प्रदेशों-मरुस्थलीय एवं गैर मरुस्थलीय में विभक्त करती है।

284. राजस्थान का कौन सा शहर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र का अंग है?

(a) अलवर (b) करौली
(c) झुँझुनू (d) पिलानी

उत्तर-(a) **RPSC RAS/RTS 2003**

व्याख्या — राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के अंतर्गत राजस्थान के अलवर जिले के अलवर, राजगढ़, तिजारी, किशनगढ़ तथा मुण्डावर तहसीलें बहरोड़ व बानसूर आदि क्षेत्र सम्मिलित किए गए हैं। ये सभी क्षेत्र राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली से लगे हुए हैं।

285. राजस्थान के किस क्षेत्र में विंध्य पठार विस्तार है?

(a) उत्तर-पूर्व (b) दक्षिण-पूर्व
(c) दक्षिण (d) दक्षिण-पश्चिम

उत्तर-(b) **RPSC RAS/RTS 2003**

व्याख्या- दक्षिण-पूर्वी पठार क्षेत्र का विस्तार कोटा, झालवाड़ा, बूंदी, संवाई माधोपुर, धौलपुर, भीलवाड़ा, चित्तौड़ तथा बांसवाड़ा में है। इसे 'हड़ौती का पठार' कहा जाता है। इस पठार को दो भागों में विभक्त किया गया है-विंध्य पठार एवं दक्कन का लावा पठार। अतः विंध्य पठार का विस्तार द.पू. में है।

286. निम्न में से राजस्थान का कौन सा शहर पाकिस्तानी सीमा के निकट है?

(a) बीकानेर (b) जैसलमेर
(c) श्रीगंगानगर (d) हनुमानगढ़

उत्तर-(c) **RPSC RAS/RTS 2003**

व्याख्या— राजस्थान का श्रीगंगानगर शहर पाकिस्तान की सीमा के निकट स्थित है। जैसलमेर जिले की सीमा पाकिस्तान से लगने वाली सर्वाधिक लम्बी सीमा है। बीकानेर जिले की भी सीमाएँ पाकिस्तान से अंतर्राष्ट्रीय सीमा बनाती है। राजस्थान की कुल 1070 किमी. की सीमा पाकिस्तान की अंतर्राष्ट्रीय सीमा से स्पर्श करती है।

287.राजस्थान के किस नगर के सम्बन्ध में कहा जाता है कि केवल पत्थर की टाँगें ही आपको वहाँ ले जा सकती है?

(a) चित्तौड़ (b) जैसलमेर
(c) उदयपुर (d) जोधपुर

उत्तर-(b) **RPSC RAS/RTS 2003**

व्याख्या-राजस्थान का जैसलमेर जिला मरुस्थलीय नगर है। यह पत्थर की जालियों के लिए अग्रणी जिला है। उबड़-खाबड़ रास्ता होने के कारण यहां की यात्रा अत्यधिक कठिन होती है।

288. कौन से जिले में मानव बसावट/संरचना (`ह्युमन सेटलमेंट') का घनत्व अधिकतम् है?

(1) अजमेर (2) बाड़मेर
(3) श्रीगंगानगर (4) सिरोही

उत्तर—(1)

RPSC RAS/RTS 2006-07

व्याख्या— प्रश्नकाल के दौरान अजमेर का जनसंख्या घनत्व 257 था। वर्तमान में अजमेर का जनघनत्व 305 है, जबकि सिरोही का जनघनत्व 208, श्रीगंगानगर का 179 तथा बाड़मेर का 92 है।

289. राजस्थान की भौगोलिक पर्यावरण स्थिति तथा संस्कृति को ध्यान में रखते हुए किस `सेक्टर' को स्वाभाविक नीतिगत प्रमुखता देनी चाहिए ताकि दूरगामी, सतत्‌शील, सम्मिलित (`इनक्लूजिव'), विकास हो?

(a) पर्यटन (b) पशुपालन
(c) खनन (d) उद्योग

उत्तर—(a)

RPSC RAS/RTS 2006-07

व्याख्या— राजस्थान की भौगोलिक पर्यावरण स्थिति तथा संस्कृति को ध्यान में रखते हुए पर्यटन `सेक्टर' को स्वाभाविक नीतिगत प्रमुखता देनी चाहिए ताकि दूरगामी, सतत्‌शील, सम्मिलित (`इनक्लूजिव'), विकास हो।

290. राजस्थान में संलग्न जिले हैं—

(a) सिरोही, बाड़मेर, जैसलमेर (b) झालावाड़, बूंदी, टोंक
(c) सिरोही, पाली, नागौर (d) चूरु, झुंझनू, जयपुर

उत्तर—(c)

RPSC RAS/RTS 2006-07

व्याख्या—राजस्थान राज्य में सिरोही, पाली तथा नागौर जिले भौगोलिक दृष्टि से एक दूसरे से संलग्न हैं। इन तीनों जिलों की सीमाएँ एक दूसरे से जुड़ी हुई हैं।

291.खारिया, रासवानी, शोभाला एवं उदीसभार है —

(a) शराब की किस्में (b) कुचामणी ख्याल के कलाकार
(c) बाड़मेर जिले के गांव (d) कोटा डोरिया साड़ी की किस्में

उत्तर — (c)

RPSC RAS/RTS 2008

व्याख्या — खारिया, रासवानी, शोभाला एवं उदीसभार बाड़मेर जिले के गांव है।

292.राजस्थान में किस शहर को `सन सिटी' के नाम से जाना जाता है?

(a) जोधपुर (b) उदयपुर
(c) बीकानेर (d) जैसलमेर

उत्तर — (a)

RPSC RAS/RTS 2008

व्याख्या — जोधपुर को `थार मरुस्थल का प्रवेश द्वार' तथा सूर्य नगरी (Sun City) भी कहते हैं। इस शहर की स्थापना का श्रेय राव जोधा जी को प्राप्त है। यहां प्रतिवर्ष मारवाड़ महोत्सव लगता है। धावा वन्य जीव अभ्यारण्य यहीं अवस्थित है।